Volume 1 • Issue No. 2 • April-June 2011
Quarterly Bilingual House Journal

# अशोकनामा
# Ashoknaama

भारत पर्यटन विकास निगम लि.
India Tourism Development Corporation Ltd.

## ITDC and Uzbektourism sign Action Plan on Tourism Cooperation



*The delegation from Uzbekistan with Hon'ble Minister of Tourism Shri Subodh Kant Sahai and Senior Officials of the Ministry of Tourism*



*C&MD, ITDC and Chairman, Uzbektourism at the signing of the Action Plan*

An Action Plan on Tourism Cooperation between ITDC and Uzbektourism was signed in New Delhi on 16th May, 2011 in the presence of the First Deputy Prime Minister of Uzbekistan Mr. Rustom Azimov and Union Tourism Minister Shri Subodh Kant Sahai. The Action Plan was signed by Dr. Lalit K. Panwar, C&MD, ITDC and Mr. Rustam Mirzaev, Chairman, National Company, Uzbektourism.

The Action Plan envisages exchange of tourists/media who would highlight the tourism potential of each other's country; setting up of joint ventures in an effort to promote the business of tourism and travel and establishing Representative offices in each other's country for easy and convenient accessibility of information and updates. The Action Plan also includes construction and/or utilization of each other's tourist facilities; creation of tourism infrastructure to promote tourist-friendly destinations; education and re-training of personnel; production of goods, souvenirs, equipment and stock for promotion of tourism wherever the viability exists and organization of advertising and other promotional activity.

Both sides will also consider exchange visits of suitable delegations to promote tourism between India and Uzbekistan.



*Hon'ble Minister of Tourism Shri Subodh Kant Sahai presenting "The Tree of Life" to Hon'ble Deputy Prime Minister of Uzbekistan Mr. Rustom Azimov*

# अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक की ओर से
# From the Chairman & Managing Director's desk



## "मंज़िलें और भी हैं......"

'अशोकनामा' का दूसरा अंक आपको प्रस्तुत करते हुए मुझे प्रसन्नता है क्योंकि आप सभी ने हमारे निगम की इस पहल का तहे दिल से स्वागत किया है और हमें अच्छी प्रतिक्रियाओं से नवाज़ा है।

इसमें कोई शक नहीं कि हमारे निगम के 16 होटेल्स हमारे 'Bread & Butter' हैं और इनमें हमें उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करके हमें 'अशोक' ब्रांड को एक विश्वसनीय सुपर ब्रांड बनाना है।

एक राष्ट्रीय पर्यटन विकास निगम होने के नाते हमें पर्यटन मंत्रालय के विज़न, मिशन और निर्देशों के अनुरुप देश में पर्यटन विकास हेतु कार्य करना होगा। पर्यटन मंत्रालय स्वदेशी पर्यटन को उच्च प्राथमिकता दे रहा है; उसी के अनुरुप हमें Ashok Travels and Tours (ATT) के माध्यम से एक प्रमुख Domestic Tourism Management Agency के रुप में अपनी पहचान बनानी होगी। इससे हमारे निगम की आय में बढ़ोतरी होगी तथा निगम की एक नई पहचान राष्ट्रीय पर्यटन क्षेत्र में स्थापित होगी।

हमारे निगम की प्रगति के तीन नये क्षेत्र हम तीव्र गति से विकसित करने जा रहे हैं:

(i) पर्यटन क्षेत्र में मानव संसाधन (Human Resource Development for Tourism & Hospitality Sector)

(ii) पर्यटन विकास परियोजनाओं को 'Turn-key' पर लागू करना – राज्यों के लिए तथा पर्यटन मंत्रालय के लिए।

(iii) इवेन्ट मेनेजमेंट में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक 'Dependable Organiser' के रुप में ITDC को स्थापित करना। इनसे हमारे राजस्व में भी वृद्धि होगी।


हमारे निगम के सभी कर्मचारियों का सर्वांगीण विकास हो यह भी हमारी प्राथमिकता है और इस हेतु 'In-service' प्रशिक्षण को अनिवार्य बनाया जा रहा है।

राष्ट्रीय स्तर के निगमों जैसे कि IRCTC, MMTC, State Tourism Development Departments / Corporations के साथ हम MoU के माध्यम से 'Business-Partnerships' स्थापित करेंगे ताकि हमारे निगम का कार्य क्षेत्र, दायरा एवं राजस्व भी बढ़े।

सभी कर्मचारी साथियों को मैं यह भी विश्वास दिलाना चाहता हूँ कि 'Vigilance' तथा 'Disciplinary Actions' के मामलों में हमारा नज़रिया बजाय दंडात्मक होने के सुधारात्मक होगा। जिन साथियों से 'Bona-fide' गलती भी हो गई है तो उसे माफ किया जाएगा परन्तु 'Mala-fide' गलती पर नियमानुसार माकूल सज़ा भी देना आवश्यक होगा।

मेरी आप सब से अपील है कि आप अपने दायित्व को निष्ठा एवं लगन से निभाएं, हमारे निगम को एक लाभ कमाने वाला 'रत्न' उपक्रम बनाएं क्योंकि यदि निगम की उन्नति होगी तो हम सब की प्रगति होगी।


आप सब को उज्जवल भविष्य की एवं 'Bright Career' हेतु विश्वास दिलाता हूँ तथा शुभ कामनाएं देता हूँ।




डॉ. ललित के. पंवार
अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक
आई.टी.डी.सी.

## आई.टी.डी.सी. होटलों के लिए नवीकरण योजनाएं


2011-12 वित्तीय वर्ष के दौरान आई.टी.डी.सी. होटलों के नवीकरण के लिए ₹91.46 करोड़ की पूंजी अनुमोदित



दि अशोक, नई दिल्ली ₹ 22.65 करोड़




होटल जनपथ, नई दिल्ली ₹ 7.45 करोड़



होटल सम्राट, नई दिल्ली ₹ 28.35 करोड़




होटल पाटलिपुत्र अशोक, पटना ₹ 3.43 करोड़




ललित महल पैलेस होटल, मैसूर ₹ 6.50 करोड़



होटल जयपुर अशोक, जयपुर ₹ 3.99 करोड़



होटल जम्मु अशोक, जम्मु ₹ 1.94 करोड़




होटल कलिंग अशोक, भुवनेश्वर ₹ 2.04 करोड़



ए.आई.एच. व टी.एम, कुतुब, नई दिल्ली ₹ 2.20 करोड़

आई.टी.डी.सी. कार्यालय, जीवन विहार, नई दिल्ली
₹ 1.20 करोड़



होटल भरतपुर अशोक, भरतपुर ₹ 1.21 करोड़

ताज रेस्तरां, आगरा
₹ 1.00 करोड़

# National Tourism Awards 2009-10

The National Tourism Awards have, over the years, emerged as recognition of achievements in the travel, tourism and hospitality sectors of India. The awards are presented every year by the Ministry of Tourism, Government of India, to various segments of travel and tourism industry, state governments, union territories, classified hotels, heritage hotels, approved travel agents, tour operators and tourist transport operators, individuals and other private organizations in recognition of performance in their respective fields, with an aim to encourage and promote tourism.

The National Tourism Awards function for the year 2009-10 was held at the Convention Hall of The Ashok, New Delhi on 28th March 2011. Smt. Meira Kumar, Hon'ble Lok Sabha Speaker was the Chief Guest and film actor Priyanka Chopra was the Guest of Honour. Shri Subodh Kant Sahai, Hon'ble Minister for Tourism, Government of India presided over the function. "Sankriti - A Confluence of Indian Classical Dance Styles" constituted the cultural extravaganza.



*Hon'ble Minister of Tourism Shri Subodh Kant Sahai addressing the audience*



*Lighting of the ceremonial inaugural lamp*



*L-R: Addl Secretary Tourism Shri Sanjay Kothari; Film Actor Priyanka Chopra; Hon'ble Lok Sabha Speaker Smt Meira Kumar; Hon'ble Minister of Tourism Shri Subodh Kant Sahai; Secretary Tourism Shri RH Khwaja and Addl Secretary & Financial Advisor Tourism Smt Dipali Khanna*

# The Ashok : Best Convention Centre

The Ashok, New Delhi was conferred the "National Tourism Award" in the category of "Best Convention Centre" by the Ministry of Tourism. Photograph shows Shri P K Mathur, General Manager - The Ashok and Shri Anmol Zutshi - F&B Manager, The Ashok receiving the award from Hon'ble Lok Sabha Speaker Smt. Meira Kumar and Hon'ble Minister for Tourism Shri Subodh Kant Sahai.



# 'Hunar Se Rozgar Tak'

Ministry of Tourism, had introduced "Hunar Se Rozgar Tak", a Training Programme, for creating employable skills in the interested youth between the age group of 18-28 years and are minimum 8th class pass.

Under the scheme, Ashok Institute of Hospitality & Tourism Management (AIH&TM) has been registered as the Training Provider. A sanction for ₹52,86,500/- has been received from the Ministry of Tourism to train 500 suitable candidates. An advance of ₹5,00,000/- has already been received to start the Training.

The scheme consists of 6 weeks training programme in F & B services and 8 weeks training programme in Food Production. Training will be provided in batches of 25 to 30 students and is free of cost. In case the attendance of a student is over 90%, he would be eligible to a stipend of ₹1500/- per month for F&B services and ₹2000/- per month for Food Production. Uniform and tool kit would also be provided free of cost to the students. After completion of the training, AIH&TM would assist the students in finding suitable placement.

An advertisement inviting applications from interested candidates, was released in prominent newspapers on 3rd May, 2011 at Delhi, Jaipur, Patna, Ranchi, Guwahati. A total of 416 applications have been received – 180 from Delhi; 26 from Guwahati; 50 from Ranchi; 100 from Patna and 60 from Jaipur.

A Conclave is being organised at The Ashok, New Delhi on 7th June, 2011. This would be attended by all General Managers and the Nodal Officers of the Delhi hotels along with the above 4 outside Delhi hotels. Here, ideas would be exchanged for smooth implementation of the Training Programme.

The training in the hotels would commence on the 1st of July and would be inaugurated at Delhi the same day. Subsequently, the Programme is proposed to be implemented in the other hotels of ITDC.

# AIH&TM signs MoU with National Institute of Open Schooling (NIOS)

An MoU was signed between AIH&TM and NIOS on 20th May, 2011 at the Friendship Lounge, The Ashok.

While ITDC is a central public sector undertaking under the Ministry of Tourism, Government of India, engaged in hospitality of tourism related activities, NIOS is an autonomous organisation under the overall control of Ministry of Human Resources Development, Government of India, providing education opportunities using different learning methods to persons who wish to study and qualify for a better tomorrow.

The MoU envisages collaboration between ITDC and NIOS to provide the following Certificate/Diploma courses (Duration - 1 year)

- Certificate/Diploma Course in Food Production and Management (Eligibility: 10th Pass)
- Certificate/Diploma Course in Food and Beverage Operation (Eligibility: 10th Pass)
- Certificate/Diploma Course in Housekeeping and Maintenance (Eligibility: 8th Pass)
- Certificate/ Diploma Course in Front Office Operations (Eligibility: 10th Pass)
- Certificate/Diploma Course in Bakery and Confectionary (Eligibility: 8th Pass)

ITDC and NIOS will jointly award Diplomas/Certificates in hospitality courses as above to the students under this programme, delivered through infrastructure created/provided by ITDC.

As per the MoU, a Joint Coordination Committee would be formed with Members of ITDC and NIOS for seamless execution of the objectives which would be the overall Incharge for development of course materials, syllabus etc. The Joint Coordination Committee would have two persons each from NIOS and AIH&TM.

As per the MoU, it is envisaged that the courses would be started in stages at the various properties of ITDC.

The development of the course material would be the responsibility of ITDC subject to approval of NIOS, along with running of courses and carrying out theory and practical classes. The setting of question papers as well as conducting of examination, declaration of results after checking the answer sheets, evaluation of project work at the premises shall be the responsibility of NIOS.

The MoU is valid for an initial period of five years from the date of signing of the same and is further extendable by five years on mutually agreed terms.



# ITDC ABROAD

## Arabian Travel Mart, Dubai 2011

Arabian Travel Mart (2nd-5th May, 2011), the largest travel fair in the Middle East, was attended by more than 2000 buyers and sellers from Middle East, Far East and Europe. ITDC attended the Mart after a gap of 20 years. The Team led by Shri PK Agarwal, Director-Finance and Shri I Majumdar, Vice President-Marketing participated with the objective to explore markets in Middle East and in other Asian and European countries and to revive business contacts through travel agents.

## Fetes de Geneva 2011

Ministry of Tourism is partcipating in the Geneva Festival 2011 and India is the Guest of Honour Country for the 'Fetes de Geneva 2011' (4th-14th August, 2011) by showcasing the rich and varied culture, folklore, touristic, gastronomic assets of India and display of different craftsmanship presenting various types of authentic and indigenious Indian techniques and artifacts. The entire showcasing and branding of Incredible India will be done by creating the "Village of India".

ITDC - Ashok Events, has been engaged by the Ministry of Tourism, Government of India to render specific services related to the event.

## Bangkok – Thailand Road Show



Ministry of Tourism assigned ITDC- Ashok Events to organize a Road Show for promotion of Buddhist circuit at Bangkok – Thailand on 9th May, 2011. The show was a huge success and received a good response from public.

Followed by the road show, an India Evening Dinner was also organized under the aegis of the Ministry of Tourism, on 9th May, 2011. Colourful cultural programmes enthralled the guests. These featured various Buddhist dance forms viz Dung-Chen, Mentok Stanmo, Mahakala Dance, Shondol, Deer Dance, Dekar, Acharya and White Mask folk Dance with Damaru by dancers from Leh-Ladakh. To conclude, a sumptuous spread of varied and rich Indian cuisine was served.

## ITB Berlin 2011

ITDC- Ashok Events was appointed by the Ministry of Tourism as Event Managers to organise the cultural programme at India Pavilion during the prestigious five days ITB Berlin from 9th-13th March, 2011 and India Evening dinner at Inter-Continental, Berlin.

Cultural programmes depicting regional and folk dance forms, crafts bazaar, puppet show, astro palmist, *mehandi* and *churi wali* highlighted the Indian ambience to a gathering comprising diplomats, tour operators, media and other important dignitaries from various countries invited by the India Tourism, Europe office based at Frankfurt. The culture-cum-cuisine fiesta was hosted under the aegis of the Ministry of Tourism on 10th March, 2011 at Berlin.







# 'Atithi Devo Bhava'



"Atithi Devo Bhava". Each Indian is aware of the connotation of these words. In fact, each household in our country believes in offering the best to a visitor to their home, be it in terms of welcome, refreshments, meals, stay….

At The Ashok, we move a step forward as we believe in building and nurturing relationships: "We believe in welcoming a guest and sending back a friend." These words were found very appropriate when our PR Department designed the Welcome Letter for the esteemed guests of the Commonwealth Games Delhi 2010. A guest who becomes our friend and remembers us with affection communicates the same feelings of affection to his friends. Thus, forging a bridge of positive communication. In other words, they are our Ambassadors of goodwill and promotion of business prospects.

The Ashok Team has redefined the concept of playing host to the visiting guest. A guest is received with pleasure and this feeling of happiness is conveyed through the smiling and welcoming faces at the Lobby. The guest is first given a floral welcome followed by the Indian traditional welcome consisting of *Arti, Tikka,* Garland. Photographs are taken for remembrance followed by welcome drinks and express check-in.

Introduction to the Valet Manager and staff is made to make the guest feel comfortable and happy. He is then escorted to his room which is all ready with flowers, fruits, chocolates, nuts, cookies and soft drinks. Prior to the guest arrival, everything is checked to ensure that all systems in the room are in order including the internet facility. The study table is well stocked with national/international newspapers and magazines.

The Valet Manager's role, right from this moment, is very important. The requirements of the guest are well attended to concerning meals, meetings, laundry etc. in fact, from the moment the guest wakes up till the time he goes to bed, each and everything is taken care of and that brings the delights: the warmth of services acknowledged and goes a long way in fulfilling our dream of guest delight.

The departure time is equally important. A small token of remembrance is placed in the room, proper billing, feedback taken and seeing off the guest… completes the process which ensures that our guest becomes our friend and our ambassador who will like to come back as well as recommend us to his friends and relatives.

Playing host to the dignitaries of CWG with The Ashok as the "Games Flagship Hotel" was a lifetime experience. Royals from England, Jordan, Bhutan as well as senior officials of the Commonwealth Games Federation graced The Ashok portals. As many as 325 guest comments richly commended efforts of The Ashok Team.

Guests have commented on the experience of their stay at The Ashok as "The most memorable in their life" to assessments like "very high standard of service", "friendly service given by the staff", "a wonderful service and ever friendly faces".

**"The Ashok is a jewel in India, an amazing place"** and **"You have made hospitality an appreciative art"** adorn the golden book of The Ashok…. words that surpass perhaps all praises received so far.

But, for us Ashokans the most endearing comment is: **"The Ashok will be a pride not only of India but for the world"**.

We are, indeed, proud to have played well during this historic event. Having achieved what we did brings even bigger responsibility to us, as we have ourselves raised our standards of assessment. So, let us all continue to work harder together to achieve bigger milestones. For, only then can we gracefully and with confidence carry forward the image of the Corporation to newer heights of success.

**P.K. Mathur,** General Manager
The Ashok, New Delhi

# Hospitality Education in BIT Mesra, Ranchi

The Birla Institute of Technology (BIT) was founded by the philanthropist Shri BM Birla and established in 1955 as a pioneering institution of technical education and research in Jharkhand.

The campus of the Institute at Mesra is located 16 km from Ranchi in a picturesque 780 acres of land setting at the confluence of rivers Jumar and Swarnrekha. The residential campus has over 3200 undergraduate and post-graduate students.

BIT with its strong brand value in providing quality technical education, has taken lead in starting new programmes in emerging areas viz Hotel Management and Catering Technology. The Department of Hotel Management and Catering Technology, established in 2003, offers the Bachelor of Hotel Management & Catering Technology programme, which is approved by AICTE.

The objective of the Department is to provide competent hospitality professionals to fill various positions in the hospitality sector. The emphasis is laid on practical application of theoretical lessons through training, laboratory work, hands-on-workshops, projects and study tours. Practical exposure is provided in four core areas of Food Production, Food and Beverage Services, Front Office and Accommodation Operations. Students are also encouraged to learn and undertake research activities during the course.

The Department's faculty with the blend of industry experience and academic excellence is consistently involved in various training, consultancy and research activities. The Department was rated the 10th best Hotel Management Institute of Excellence through a survey conducted by CSR-GHRDC.




Apart from running a Bachelors programme in HMCT in which they have achieved a 100% placement for their students, the Department is also contributing to society by conducting several short-term professionals courses for the youth who are underprivileged and belong to weaker section of the society.

**Sitesh P Srivastav**
Professor & Head
Department of Hotel Management & Catering Technology, Birla Institute of Technology

# HAIR - The Groove Rock Musical

ITDC and Neemrana Music Foundation organised the 4-day musical opera "Hair" from 25th-28th February, 2011 at Purana Qila, New Delhi. "Hair" is a product of the hippie counter-culture and youth revolution of the 1960s. The musical celebrates freedom, sensuality and joy of life. A show which makes the party live and condemns war, the abuse of power and intolerance !



*Solution to the previous* **Crossword**

| | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| F | | | K | | | | | | | G | | F | O | M | |
| A | S | H | O | K | A | N | | | | R | O | E | | E | |
| M | | | S | | S | | | | | V | | E | | T | |
| I | | R | I | S | K | | | | | | | D | | R | |
| L | | | | | M | | | F | | R | U | B | B | E | R |
| Y | | | C | H | E | F | | B | | O | | A | | | I |
| | | | A | | | | | A | | T | | C | | | C |
| P | A | T | N | A | | | | R | T | I | | K | | | E |
| I | | | | C | L | C | | | U | | | | C | | |
| N | | H | O | R | R | O | R | | L | | D | I | A | R | Y |
| T | | A | | | | V | | | I | | | | F | | |
| | M | I | S | E | - | E | N | - | P | L | A | C | E | | |
| | I | | | T | A | R | | | | A | | I | | | |
| | S | | | P | | | | M | A | P | | B | | | |
| | M | | | | | | | | | | L | O | B | B | Y |
| | O | U | D | H | | | | | | | | | | | |

*We received several all-correct replies from various Units and Divisions. The earliest replies received were mainly from Delhi. So, to be fair and just, we organised a lucky draw.*
*The winners are:*
*1 Shri Kirti Rastogi, Chef, The Ashok*
*2 Shri Ravi Kumar, Clerk, V&S*
*3 Ms Mamta Rana, Asst Mgr, HR*
*Surprise gifts will reach the winners shortly.*

## Summer Holiday Packages from Ashok Travels & Tours







दि अशोक, नई दिल्ली को 'सिविल सर्विसेज़ डे' (21 अप्रैल, 2011) का आयोजन करने का गौरव प्राप्त हुआ। इस अवस
महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा देवीसिंह पाटिल, माननीय उपराष्ट्रपति मो. हामिद अंसारी तथा अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थि




भारत के गृह मंत्री व अमरीका की सचिव, होमलैंड सिक्युरिटी, दि अशोक में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए



दि अशोक में पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल का स्वागत



क्रिकेट विश्व कप के दौरान सुसज्जित दि अशोक की कॉफी शॉप समावार




होली के उपलक्ष्य में सजी-संवरी दि अशोक की लॉबी




पाटलिपुत्र अशोक के सुरक्षा विभाग के ऐ.के. लुइस राष्ट्रमंडल खेलों की मशाल की अगवाही करते हुए



अशोक एम्फीथिएटर में आयोजित एक संगीत समारोह में उस्ताद शुजात हुसैन खान



क्रिकेट विश्



र पर
त रहे।









दि अशोक में बांगलादेशी प्रतिनिधिमंडल का स्वागत



आई ए एस, 2009 की परीक्षा में सर्वोतीर्ण डा. शाह फैज़ल डीडी के शो 'एक मुलाकात' के दौरान दि अशोक में एक साक्षात्कार में





पद्म विभूषित पंडित हरि प्रसाद चौरसिया का दि अशोक में स्वागत



राष्ट्रीय सलाहकार परिषद की सदस्या श्रीमती अरुणा राय, डीडी के शो 'एक मुलाकात' के दौरान दि अशोक में एक साक्षात्कार में



व कप के दौरान सम्राट के अतिथियों की शुभकामनाएं



सम्राट में 'महिला दिवस' पर फूलों से स्वागत



दि अशोक में एमएमटीसी प्रदर्शनी का उद्घाटन

# संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप-समिति द्वारा होटल जनपथ में राजभाषा निरीक्षण

10 जनवरी, 2011 को संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप-समिति द्वारा होटल जनपथ, नई दिल्ली में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग में हुई प्रगति की समीक्षा करने के लिए निरीक्षण दौरा किया गया। यह निरीक्षण बैठक समिति के उपाध्यक्ष माननीय श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी, संसद सदस्य (लोकसभा) की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में होटल जनपथ का प्रतिनिधित्व प्रधान प्रबंधक श्री गौतम चटर्जी एवं भारत पर्यटन विकास निगम मुख्यालय का प्रतिनिधित्व अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, डॉ. ललित के पंवार एवं निदेशक (वित्त), श्री प्रदीप कु. अग्रवाल ने किया।

माननीय समिति सदस्यों ने होटल जनपथ में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग में हुई प्रगति की व्यापक समीक्षा की तथा होटल जनपथ सहित भारत पर्यटन विकास निगम के अधीनस्थ सभी एककों/कार्यालयों में निम्नलिखित का अनुपालन अविलम्ब करने के आदेश दिए :

1. कार्यालयों में प्रयुक्त सभी कम्प्यूटरों में यूनीकोड एक्टीवेट किया जाए तथा कम्प्यूटर पर हिंदी में सरकारी कार्य की मात्रा बढ़ाई जाए।
2. सभी कार्यालयों में पुस्तकालय बनाया जाए तथा उसके कुल वार्षिक बजट की 50 प्रतिशत राशि हिंदी पुस्तकों की खरीद पर खर्च की जाए।
3. कार्यालयों में उनकी राजभाषा कार्यान्वयन समिति की सभी चारों तिमाही बैठकें अनिवार्य रूप से नियमित अंतराल पर की जाएं।
4. सभी कार्यालय संबंधित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की सदस्यता प्राप्त करें तथा उसकी छमाही बैठकों में नियमित रूप से भाग लें।
5. कुल वार्षिक विज्ञापन खर्च की 50 प्रतिशत राशि केवल हिंदी विज्ञापनों पर तथा शेष 50 प्रतिशत राशि अंग्रेजी एवं स्थानीय भाषा के विज्ञापनों पर खर्च की जाए।
6. राजभाषा हिंदी से संबंधित रिक्त पदों को अविलम्ब भरा जाए।

अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय ने माननीय समिति सदस्यों को विश्वास दिलाया कि निगम के सभी कार्यालयों में उपर्युक्त के संबंध में यथासमय उचित कार्यवाही की जाएगी तथा इनका समुचित अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

# मुख्यालय में हिंदी कार्यशाला का आयोजन



निगम के राजभाषा विभाग द्वारा जनवरी-मार्च, 2011 तिमाही के दौरान शुक्रवार, 4 मार्च, 2011 को मुख्यालय में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए एक हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें ऐसे अधिकारियों/कर्मचारियों को सहयोजित किया गया, जिन्होंने लगभग पिछले दो वर्षों से हिंदी कार्यशाला में भाग नहीं लिया था। इस एकदिवसीय कार्यशाला में दो सत्र आयोजित किए गए। प्रथम सत्र में प्रतिभागी अधिकारियों/कर्मचारियों को भारत सरकार की राजभाषा नीति, उसकी संवैधानिक स्थिति, नियम-विनियमों तथा वार्षिक कार्यक्रम, 2010-11 में निर्धारित लक्ष्यों की जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला के दूसरे सत्र में अधिकारियों/कर्मचारियों को दिन-प्रतिदिन के सरकारी कामकाज में हिंदी का प्रयोग करने के संबंध में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। यह हिंदी कार्यशाला सम्मेलन हॉल, स्कोप कॉम्प्लैक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली में आयोजित की गई थी।

हिंदी कार्यशाला के दौरान दोनों सत्रों के अंत में तत्संबंधित विषय पर लिखित परीक्षाएं ली गईं। दोनों परीक्षाओं में संयुक्त रूप से प्राप्त अंकों के आधार पर सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से निम्नप्रकार परिणामों की घोषणा की गई :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती शिल्पी सिंह, सहायक प्रबंधक | प्रथम |
| 2. | श्रीमती नरजीत कौर, वैयक्तिक सहायक | द्वितीय |
| 3. | श्रीमती शोभा आनंद, सहायक निजी सचिव | तृतीय |
| 4. | श्रीमती इंदू कपूर, वरिष्ठ सहायक | सांत्वना |
| 5. | श्रीमती रंजना शर्मा, कनिष्ठ सहायक | सांत्वना |
| 6. | श्री जगदीश चंद्र, वरिष्ठ सहायक | सांत्वना |
| 7. | श्रीमती सुनीता अरोड़ा, सहायक | सांत्वना |

# आइ एस ओ 22000-2012 पोस्टर प्रतियोगिता

दि अशोक, नई दिल्ली वर्ष 2009 से आई एस ओ 22000 प्रमाणित होटल है। यह प्रमाणन, जो सुरक्षित भोजन के उत्पादन और सर्विस के प्रति वचनबद्धता सुनिश्चित करता है, प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से खाद्य पदार्थों को संभालने वालों से सम्मिलित प्रयासों की अपेक्षा रखता है। ठीक उस समय से जब खाद्य एवं भोज्य पदार्थ की आपूर्तियां होटल में प्राप्त होती हैं, भंडारण, भोजन तैयार करने और सर्विस के माध्यम से सामग्री एवं उपकरणों को संभालने में विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है। पहले दो वर्षों में कर्मचारियों और कार्यपालकों के बीच आई एस ओ 22000, इसके कार्यान्वयन के महत्त्व और वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक परिदृश्य को देखते हुए होटलों में खाद्य सुरक्षा की आवश्यकता के विषय में जागरूकता पैदा करने और प्रशिक्षण के प्रयास किए गए। अब, जब होटल प्रमाणन के तीसरे वर्ष में प्रवेश कर रहा है, होटल में खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता के प्रति अधिक उत्साह पैदा करने की आवश्यकता महसूस की गई। अधिकाधिक कर्मचारियों और कार्यपालकों को इस लक्ष्य के 'राजदूतों' के रूप में सामने लाना भी वांछनीय हो गया है।

अतः 19 अप्रैल, 2011 को 'खाद्य सुरक्षा' अथवा 'स्वच्छता' विषय पर ऑन-दि-स्पॉट पोस्टर बनाने एवं स्लोगन लिखने की प्रतियोगिता आयोजित की गई।



प्रतियोगिता का परिणाम : श्री जितेन्द्र, शेफ अंडर-स्टडी (प्रथम), श्री राकेश रावत, डेमी शेफ द राँ (द्वितीय), श्री प्रदीप अहिरवार, शेफ अंडर-स्टडी (तृतया) एवं श्री एच एस बिष्ट, डेमी शेफ द राँ (विशेष प्रयास)। सभी प्रतिभागियों को प्रशंसा-पत्र प्रदान किए गए।

# आई.टी.डी.सी. मुख्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

निदेशक (वित्त एवं वाणिज्यिक व विपणन) श्री प्रदीप कु. अग्रवाल की अध्यक्षता में निगम मुख्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की जनवरी-मार्च, 2011 तिमाही की बैठक 29 मार्च, 2011 को सम्मेलन कक्ष, स्कोप कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली में आयोजित की गई।

समिति ने जनवरी-मार्च, 2011 तिमाही के दौरान निगम मुख्यालय के सभी कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग में हुई प्रगति की समीक्षा की। अध्यक्ष महोदय ने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को व्यक्तिगत रुचि लेकर सरकारी कामकाज में हिंदी का अधिक-से-अधिक प्रयोग करने के निर्देश दिए और राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम, 2010-11 में निर्धारित विभिन्न लक्ष्य प्राप्त करने के लिए भरसक प्रयास करने पर विशेष बल दिया।

इसके अतिरिक्त समिति ने कुछ कार्यमदों के संबंध में वार्षिक कार्यक्रम, 2010-11 में निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं कर पाने पर चिंता व्यक्त करते हुए निम्नलिखित के संबंध में सघन प्रयास करने के निर्देश दिए :

1. अधिक-से-अधिक मूल-पत्राचार हिंदी में किया जाए, ताकि वार्षिक कार्यक्रम, 2010-11 में निर्धारित 100 प्रतिशत का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।
2. "क" व "ख" क्षेत्र से अंग्रेजी में प्राप्त अधिक-से-अधिक पत्रों के उत्तर हिंदी में दिए जाएं और जिन पत्रों के उत्तर देना आवश्यक न हो, उनकी पावती द्विभाषी/हिंदी में भेजी जाए, ताकि वार्षिक कार्यक्रम, 2010-11 में निर्धारित 100 प्रतिशत का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।
3. मूलतः हिंदी में टिप्पणी लिखने को बढ़ावा दिया जाए और फाइलों पर अधिक-से-अधिक टिप्पणियां हिंदी में लिखी जाएं, ताकि वार्षिक कार्यक्रम, 2010-11 में निर्धारित 75 प्रतिशत का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

सरकारी कामकाज हिंदी में करना सांविधिक आवश्यकता है।

# होटल सम्राट में हिंदी कार्यशाला का आयोजन



भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुसरण में सरकारी कार्यालयों में प्रयुक्त सभी कम्प्यूटरों पर यूनीकोड व्यवस्था लागू करने के उद्देश्य से 8 अप्रैल, 2011 को होटल सम्राट में एक हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें दि अशोक, होटल जनपथ और सम्राट के अधिकारियों/कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से भाग लिया। इस कार्यशाला में विभिन्न विभागों में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों के अलावा आई.टी. विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को भी विशेष रूप से सहयोजित किया गया था।

कार्यशाला के प्रथम सत्र में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय में वरिष्ठ तकनीकी निदेशक श्री केवल कृष्ण ने सरकारी कार्यालयों में प्रयुक्त सभी कम्प्यूटरों पर यूनीकोड व्यवस्था लागू करने के संबंध में सांविधिक एवं तकनीकी पक्षों पर व्यापक जानकारी प्रदान की तथा यूनीकोड एक्टीवेट करने के संबंध में समस्त जिज्ञासाओं का निवारण किया। यूनीकोड एक्टीवेट हो जाने के बाद कम्प्यूटर अंग्रेजी, हिंदी एवं देश-विदेश की सभी भाषाओं में समान रूप से कार्य करने में सक्षम हो जाता है। इस तकनीक से युक्त कम्प्यूटर पर हिंदी में ई-मेल करना तथा इंटरनेट पर सर्च आदि करना भी संभव हो जाता है। इस



तकनीक में हिंदी का "मंगल" नामक फांट प्रयुक्त होता है।

इस अवसर पर श्री केवल कृष्ण ने सरकारी कार्य में आसानी से कम्प्यूटर पर हिंदी में कार्य करने की दिशा में नवीनतम तकनीक से विकसित इंटेलीजेंट की-बोर्ड की जानकारी भी दी, जिसकी सहायता से हिंदी टाइपिंग नहीं जानने वाला व्यक्ति भी अंग्रेजी की-बोर्ड का प्रयोग करके हिंदी में टाइप कर सकता है। इस विधि से हिंदी टाइप करने वाले व्यक्ति को स्पैलिंग गलत हो जाने का भय नहीं रहता है, क्योंकि कम्प्यूटर स्वयं ही हिंदी के सबसे शुद्ध रूप का चयन करता है और साथ ही अनेक मिलते-जुलते शब्दों का विकल्प भी प्रस्तुत करता है।

कार्यशाला के दूसरे सत्र में निगम मुख्यालय में सहायक प्रबंधक (राजभाषा) डॉ. प्रदीप कु. चौधरी ने भारत सरकार की राजभाषा नीति की विस्तृत जानकारी दी और सरकारी कार्यालयों में अनुपालन की जाने वाली विभिन्न सांविधिक आवश्यकताओं के संबंध में व्यापक चर्चा की। राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित विभिन्न लक्ष्यों की जानकारी देने के साथ-साथ डॉ. चौधरी ने सरकारी कामकाज में हिंदी का प्रयोग करने के संबंध में व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया। अंत में होटल सम्राट के वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) श्री जोसेफ मथायस ने प्रतिभागियों से अपील की कि कार्यशाला में मिली जानकारी का भरपूर लाभ उठाएं तथा दिन-प्रतिदिन के सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी का अधिक-से-अधिक प्रयोग करें।

# माँ

माँ, मेरी प्यारी माँ,
मैंने किस रूप में तुझे देखा।
कभी सुबह की ओस की बूंदों सी निश्चल,
मखमली घास के नवांकुरों में चमकती सी,
तो कभी झमझम बरसती बारिश की तरह,
जो हर लेती है हर दुख, हर पाप।
पर माँ मुझे हर रूप में याद है तू,
और तेरा एहसास,
जैसे एक मासूम बच्चे की हंसी निष्पाप।
माँ एक नदी की तरह,
महसूस किया मैंने तेरा हर रूप।
मुझे याद है मैं जब छोटी थी,
तो तू मुझे कंगारू की तरह गोद में,
सहज इतराती फिरती थी।
एक ऐसी चंचल नदी सी थी तू,
जो अभी-अभी पहाडों से उतरी हो।
माँ पल्लवित किया तूने मुझे,
भाइयों और बहनों से।
और तू शनै-शनै शांत
व सहनशील होती गई,
मैदानीं भागों में बहती नदी की तरह।
जहाँ हम ने स्वार्थ एवं
पक्षपात के आरोपों से,
तेरी निश्चल, निष्पाप छवि को प्रदूषित
किया।
और इस तरह हमारे पाप
कलुष धोते-धोते,
तू भागीरथी से गंगा हो गई।
पर तू चलती गई शांत स्वरूपा
पूज्या बनकर,
माँ अब तराई के खेतों की तरह,
तूने हमें लहलहा दिया है।
और हम भूल चुके हैं, तेरे सब उपकार,
तू तो मुझे अब लगती है,
कुछ थकी-थकी कमजोर सी,
मानो सागर से मिलने को बेताब सी,
तू मुझे अब लगती है सन्न सी।
जगत माता सी क्योंकि,
अब तू हम से ज्यादा फिक्र,
करती है समाज की और,
ध्वस्त होते नैतिक मूल्यों की।
माँ मैं धन्य हुई तुझे पाकर,
पर अवगत हूँ इस सत्य से,
कि एक दिन तू भी,
सागर में समा जायेगी,
और खो देगी अपना स्वरुप।
पर माँ मैं सोचती हूँ,
कि किस रुप में याद रखूंगी तुझे?
सुबह को ओस की बूंदों सी?
या चंचल नदी सी?
या ये तेरा संत सा रुप?
नहीं जानती मैं,
पर तू सदा रहेगी मेरे आस-पास,
इस प्रकृति की तरह बनकर
माँ सी।

नीता देवी
वरिष्ठ टंकक ग्रेड-1, होटल सम्राट

# जम्मु अशोक का आउटडोर केटरिंग में प्रथम प्रयास

8 अप्रैल, 2011 को होटल जम्मू अशोक ने उस्मान द्वार, नगरोटा छावनी में होटल का प्रथम केटरिंग कार्य किया।

यह संध्या समारोह 'दि कॉर्प्स डे' के अवसर पर था, जिसकी मेज़बानी ब्रिगेडियर जे.एस. गुलाटी और लेफ्टिनेंट कर्नल जी.एस. पन्नु ने की।

सरोवर और हरे-भरे लॉन से भरपूर यह स्थान खूबसूरत दृश्य प्रस्तुत कर रहा था। होटल की टीम ने भोजन एवं स्वच्छता के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित किया।



ब्रिगेडियर जे.एस. गुलाटी ने गुरशरण सिद्धु और हार्दिक साहनी को सम्बोधित अपने धन्यवाद-पत्र में उनके प्रयासों की प्रशंसा की: 'प्रदर्शित मानक अत्यधिक उच्चस्तरीय थे और स्वच्छता की सभी आवश्यकताओं को अत्यधिक सावधानीपूर्वक बनाए रखा गया।'

'भोजन बहुत स्वादिष्ट था और सभी आमंत्रित अतिथियों ने भरपूर सराहना की। आपके व्यक्तिगत रूप से रूचि लेने से सब कुछ विशिष्ट रहा। यह जानकर कि, आउटडोर केटरिंग में यह आपका पहला प्रयास था, मैं इस उत्कृष्टता से निष्पादित कार्य के लिए आपकी सराहना करता हूँ।'

सूनीत वान्चू,
प्रधान प्रबंधक, होटल जम्मू अशोक

# आई.टी.डी.सी. होटलों में 'अर्थ आवर', 2011 मनाया गया

आई.टी.डी.सी. के दिल्ली स्थित होटल - दि अशोक, होटल सम्राट एवं होटल जनपथ में 26 मार्च, 2011 को रात्रि 8.30 से 9.30 बजे तक 'अर्थ आवर' मनाया गया, जिसमें होटलों में अनिवार्य स्थलों को छोड़कर अन्य सभी लाइटों को बंद रखा गया। इस वर्ष 'अर्थ आवर' के थीम "लैट अस गो बियोंड दि आवर" के अनुसार होटलों में अग्रभाग, लॉबी, रेस्टोरैंटों एवं कार्यस्थलों की सभी लाइटें बंद रखी गईं। होटलों द्वारा अतिथियों को भी इन प्रयासों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसके अतिरिक्त "गो बियोंड दि आवर" की भावना के अनुरुप होटलों के कर्मचारियों को भी अपने आवासों में इस समय लाइटें बंद रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया। 'अर्थ आवर' डब्ल्यू. डब्ल्यू. एफ. का एक प्रयास है, जिसमें जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध विश्वभर में एक घंटे के लिए लाइटें बंद रखने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।



# जी.आई.टी.बी. - 2011 जयपुर में आई.टी.डी.सी. ने अपनी उपस्थिति दर्ज की

'ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाजार' एक बार फिर 17 से 19 अप्रैल, 2011 के बीच जयपुर में लगा, ताकि विश्वभर में आयोजित सर्वश्रेष्ठ ट्रैवल मार्टों में से एक होने का दावा स्थापित किया जा सके। अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक डॉ. ललित के. पंवार की अगवाही में आई.टी.डी.सी. की टीम ने इस प्रदर्शन में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और स्टॉल सं. 115-116 के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज की, जिसने आशा से अधिक संख्या में 25 देशों से आए विदेशी पर्यटक प्रचालकों, एजेंटों और खरीददारों को आकर्षित किया। हमारी 80% से अधिक पूर्व-निर्धारित बैठकें आयोजित हुईं तथा जयपुर में कारगर बी2बी बैठकों में आतिथ्य सेवाओं (एटीटी, होटल एवं सम्मेलन) की बिक्री के लिए गंभीर प्रयास किए गए।

इस अतुल्य मंच ने 55 देशों के 200 से अधिक विदेशी टुअर ऑपरेटरों को 200 से अधिक स्टॉलों पर जाने का अवसर प्रदान किया। इस बार आई.टी.डी.सी. की स्टॉल हर मायने में उत्कृष्ट रही और भारत में पर्यटन गंतव्य की संभाव्यता का वास्तविक प्रदर्शन हुआ, चूंकि विश्व स्तर पर अन्यों से आगे भारत को रखने के प्रयास किए गए थे।

**राजकुमार शर्मा, प्रधान प्रबंधक,**
**होटल जयपुर अशोक**



डॉ. ललित के. पंवार, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, मीडिया के साथ बातचीत में। उनके बाईं तरफ श्री आई. मजूमदार, उपाध्यक्ष, विपणन।

## 'कुक ईज़ी नॉन ग्रीज़ी' पुस्तक का विमोचन

कला, साहित्य, संस्कृति और पाककला के संवर्धन की अपनी प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए दि अशोक द्वारा 20 अप्रैल, 2011 को बैंक्विट हॉल में "कुक ईज़ी नॉन ग्रीज़ी" नामक पुस्तक का विमोचन किया गया, जिसे मेरी अब्राह्म और तैशा अब्राह्म ने लिखा है। रूपा प्रकाशन द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक का विमोचन प्रतिष्ठित नृत्यांगना एवं नृत्य निदेशक सुश्री गीता चंद्रन एवं मेदांता मेडिसिटी में एंडोक्राइनोलॉजी व मधुमेह विभाग के अध्यक्ष डॉ. अंब्रीश मित्थल द्वारा किया गया था।




सहलेखिकाएं पुस्तक पर हस्ताक्षर करते हुए

## विशेष चित्रकला

सृजनात्मकता को जागरुप होने में एक उम्र की राह नहीं देखनी पड़ती। ये तो अचानक एक अनोखे पल में भी जागरुप हो जाती है और एक कलाकार को जन्म देती है। इसी धारणा के साक्षी हैं दि अशोक, नई दिल्ली के वरिष्ठ प्रबंधक एमएमडी श्री दिनेश आहलुवालिया। पिछले पांच वर्षों से ये लगातार चित्रकला में निपुणता पा चुके हैं। आई.टी.डी.सी. के दिल्ली में स्थित दि अशोक, होटल जनपथ तथा पुडुचेरी में पांडीचेरी अशोक के डीलक्स स्वीट्स को सजा रही हैं इनकी अद्भुत कृतियां। इसके अलावा दिनेश आहलुवालिया ने आई.टी.डी.सी. के तत्वाधान में आयोजित कई आर्ट केंप्स में भाग लिया है और अन्य कलाकारों को भी प्रेरित किया है।



## आप हमेशा मुस्कुराते रहो

गमों का पहाड़ टूटे अगर
किस्मत भी तुमसे रुठे अगर
मन का चैन भी कोई लूटे अगर
हिम्मत से गमों को भगाते रहो
आप हमेशा मुस्कुराते रहो

अपने भी अगर साथ छोड़ जाएं तो क्या
हवा भी डगर मोड़ जाए तो क्या
रिश्तों की डोर कोई तोड़ जाए तो क्या
विजय पथ पर अपने कदम बढ़ाते रहो
आप हमेशा मुस्कुराते रहो

अंधेरा कभी तो छट जाएगा
खुशी का सूरज तब नज़र आएगा
तब गम भी आने से घबराएगा
अब खुशी के गीत तुम गाते रहो
आप हमेशा मुस्कुराते रहो

काम तुम हमेशा अच्छे करो
बुराईयों से तुम कभी न डरो
दूसरों के दर्द तुम हमेशा हरो
रोतों को हमेशा हंसाते रहो
आप हमेशा मुस्कुराते रहो

बड़ों का तुम करो हमेशा सम्मान
मिल जाएगा तुमको यहीं भगवान
जीवन का भी तुम्हारे होगा कल्याण
सबका आशीर्वाद यूंही पाते रहो
आप हमेशा मुस्कुराते रहो

जीवन तुम्हारा सुखमय होगा तभी
भाईचारे का पाठ पढ़ें हम सभी
दिल न दुखाएं किसी का कभी
प्रेम के मीठे फल यूंही खाते रहो
आप हमेशा मुस्कुराते रहो

**संजय पोपली**
लेखा विभाग, होटल सम्राट

# Imam of the Holy Makkah at The Ashok

*Hon'ble Minister for Health & Family Welfare Shri Ghulam Nabi Azad hosted dinner in honour of H.E. Sheikh Dr. Abdul Rahman bin Abdul Aziz Al-Sudais, the Imam of the Holy Mosque in Makkah Al Mukarramah at The Ashok recently.*
*The Hotel is honoured to receive the comment:*
***"In the name of Allah I would like to thank all the people who met me and the Hotel Staff who served me. I pray to Allah for the well being of all the guests and the Hotel staff."***



*The Ashok Team with Imam Saheb.*



*Imam Saheb penning his comments on the Ashok Menu*

## होटल भरतपुर अशोक के लिए प्रशंसा

'वर्ल्ड वैटलैंड डे' के अवसर पर माननीय पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री श्री जयराम रमेश ने 1-2 फरवरी, 2011 को केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान का दौरा किया। अपने इस दौरे में वे होटल भरतपुर अशोक में ठहरे।

माननीय मंत्री जी ने अपने आवास के लिए की गई व्यवस्था पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने तथा उनके अन्य सहयोगियों ने भोजन एवं सेवाओं की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस दौरे की रिपोर्टिंग राजस्थान पत्रिका के 2 फरवरी के अंक में हुई थी। केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक महोदय ने अतिथि पुस्तिका में होटल द्वारा प्रदत्त सेवाओं के लिए प्रशंसात्मक टिप्पणी लिखी है।



## ब्रह्मपुत्र अशोक, गुवाहाटी में सांस्कृतिक गतिविधियां







वर्ष के आरम्भ में 4 फरवरी, 2011 को होटल ब्रह्मपुत्र अशोक ने स्टैंडर्ड चार्टर्ड के साथ मिलकर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त इज़रायली कम्पोज़र शे बेन जूर की विशिष्ट प्रस्तुति तथा असमी लोकनृत्य कलाकारों के नृत्यों का आयोजन किया। इस वर्ष बाद में दो अन्य समारोह भी आयोजित किए गए, जिनमें हुसैन कुवाजेरवाला एवं मेयांग चांग की प्रस्तुति और हस्तकलाकृति फैशन शो शामिल हैं।

### From the Editor

We invite all Ashokans to express what they feel. You can write it, draw it, versify it, picture it or share it as a joke. Swing into action immediately and rush your contributions via email or mail to The Editor, Ashoknaama at **editorashoknaama@gmail.com** *or* **promilaparuthi@gmail.com** or PR&C Division, Room 108, The Ashok, Chanakyapuri, New Delhi-110021. The next issue of Ashoknaama is scheduled for July-Sep, 2011. Make sure we get your contributions latest by 31 July, 2011.

**Promila Paruthi**


# The Ashok blessed by His Holiness the Dalai Lama

*"I was given the best of service and had a comfortable stay during the few days I stayed here. It was really enjoyable. I thank and pray for all concerned."*










*A view of the Banquet Hall during His Holiness' discourse.*
*On the right, Dr Lalit K. Panwar, C&MD, ITDC felicitating His Holiness. On his left is Shri P.K. Mathur, General Manager, The Ashok*

# Crossword




**Across**

1. A dish of ice cream with added ingredients such as fruits, nuts and syrup (6)
2. Popular pan-Asian cuisine restaurant in ITDC Delhi hotel (6)
3. Necessary to enter some countries (4)
4. Festival celebrated on 13th January (5)
6. Form of identification (8)
7. A long flight causes this (6)
11. Mascot of Commonwealth Games 2010 (5)
12. A person who greets and deals with clients and visitors (5,7)
14. That which you have to pay on your income (3)
15. Money used in a country (8)
17. National Flower of India (5)
18. Type of Indian Tea (10)

**Below**

1. Used for transporting clothes (8)
5. Place to stay when travelling (5)
8. Someone who shows you which direction to walk or travel (5)
9. ITDC's restaurant at a world heritage site (10)
10. A place to sunbathe (5)
13. Proof of travelling (6)
16. A building in which historical objects are displayed (6)
17. Name of famous Night Club run by a bollywood star in an ITDC Hotel (3)

**Vinay Kumar,**
PA Gd-I, Hotel Samrat


**Chief Editor:** Dr. Lalit K. Panwar, C&MD, ITDC
**Editorial Board:** P K Agarwal, Director (Finance)
B L Meena, Chief Vigilance Officer
**Editor:** Promila Paruthi, Dy. General Manager (PR&C/Advtg)
**Principal Correspondents:** All Divisional Heads & Unit General Managers
**Designed by** Benchmark Graphic Pvt Ltd. **Printed at** Niyogi Offset Pvt Ltd











The Janpath Hotel

## The New Look Janpath

127 Rooms, 20 Suites. Spacious with luxurious bedding systems. 42" plasma TV, Refrigerator, Electronic Locker, Hot & Cold Water, Tea/Coffee Maker in rooms. Wifi internet zones, Non Smoking rooms.

F&B outlets include ***Gulnar*** – 24 hours restaurant with attached bar, ***Swagath*** – coastal cuisine restaurant with bar, ***Cibo*** - Italian restaurant with bar.

Amenities include Doctor on Call, 24 hours Money Changer, Business Centre, Travel Counter, Shopping Arcade, Beauty Parlour, Valet Parking. A Meeting Room for 50 pax (theatre style).

For the health conscious, a swimming pool, spa and gym are in the offing. Plans are afoot to add an Art Gallery – a boon for those inclined towards this creative skill.

And, with its ideal location in the heart of New Delhi, The Janpath Hotel continues to pulsate with activity.